प्रेस विज्ञप्ति
नई दिल्ली 30 मार्च, 2020

भारत सरकार
Government of India
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एम. ओ. ई. एस.)
Ministry of Earth Sciences (MoES)
भारत मौसम विज्ञान विभाग
INDIA METEOROLOGICAL DEPARTMENT

अप्रैल से जून 2020 के दौरान तापमान का ऋतुनिष्ठ आउटलुक

मुख्य बातें

- ➢ **उत्तर पश्चिमी भारत और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत के कुछ मौसम उप खंडों में अप्रैल मई-जून के ऋतु निष्ठ अधिकतम तापमान के सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस से 1 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहने की संभावना है।**
- ➢ **उत्तर पश्चिमी , पश्चिमी , मध्य, पूर्व और पश्चिमी प्रायद्वीपीय भारत के अधिकांश भागों में अप्रैल मई-जून के ऋतुनिष्ठ औसत न्यूनतम और माध्य तापमान सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस से 1 डिग्री सेल्सियस तक गर्म रहने की संभावना है।**
- ➢ **ऋतु के दौरान उष्ण लहर की बारंबारता प्रमुख उष्ण लहर क्षेत्रों में सामान्य से थोड़ी अधिक रहने की संभावना है।**

1.पृष्ठभूमि

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आई.एम.डी.), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एम.ओ.ई.एस.) वर्ष 2016 से देश के उपखंड स्केल तापमानों का मॉनसून मिशन युग्मित पूर्वानुमान प्रणाली (MMCFS) से गर्म और ठंडे दोनों मौसमों का पूर्वानुमान जारी कर रहा है। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने अब अप्रैल से जून 2020 तक की मानसून पूर्व ऋतु के दौरान उपखंडों के लिए औसत तापमान का ऋतुनिष्ठ आउटलुक तैयार किया है जिसे यहाँ दर्शाया गया है। मॉडल पूर्वानुमान मार्च, 2020 की आरंभिक स्थितियों पर आधारित है।

2. अप्रैल मई-जून ऋतु 2020 के लिए पूर्वानुमान.

अप्रैल मई-जून ऋतु(अप्रैल से जून 2020)के लिए पूर्वानुमान चित्र 1 चित्र 2 और चित्र 3 में अप्रैल से जून की ऋतु के दौरान मौसम उपखंडों के पूर्वानुमान के लिए क्रमशः औसत अधिकतम, न्यूनतम और माध्य तापमान विसंगतियाँ (दीर्घ अवधि सामान्य से प्रत्यंतर) दिखाई गई हैं।

पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान ,पश्चिमी मध्य प्रदेश ,गुजरात ,कोंकण और गोवा ,महाराष्ट्र मराठवाड़ा उत्तरी और दक्षिणी कर्नाटक के अंदरूनी भाग, तटीय कर्नाटक रायलसीमा और केरल में ऋतुनिष्ठ औसत तापमान (चित्र 1)के सामान्य से 0. 5 डिग्री सेल्सियस से 1 डिग्री सेल्सियस गर्म रहने की संभावना है(प्रत्यंतर सामान्य -0.5 डिग्री सेल्सियस और 0.5 डिग्री सेल्सियस के बीच)

पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान और गुजरात क्षेत्र में ऋतु निष्ठ औसत न्यूनतम तापमान(चित्र 2)के सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहने की संभावना है ।पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ और दिल्ली, पूर्वी और पश्चिमी उत्तर

प्रदेश, पूर्वी और पश्चिमी मध्य महाराष्ट्र ,मराठवाडा ,विदर्भ ,उत्तरी और दक्षिणी कर्नाटक के अंदरूनी भाग ,तटीय कर्नाटक ,रायलसीमा और केरल में सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस से 1 डिग्री सेल्सियस गर्म रहने की संभावना है ।देश के बाकी भागों में सामान्य न्यूनतम तापमान रहने की संभावना है (प्रत्यंतर सामान्य -0.5 डिग्री सेल्सियस और 0.5 डिग्री सेल्सियस के बीच)

पूर्वी और पश्चिमी राजस्थान में औसत माध्य तापमान चित्र 3 के सामान्य से 1 डिग्री सेल्सियस अधिक रहने की संभावना है। हरियाणा चंडीगढ़ और दिल्ली, पूर्वी और पश्चिमी मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ गुजरात क्षेत्र सौराष्ट्र और कच्छ, कोंकण और गोवा मध्य महाराष्ट्र मराठवाडा ,विदर्भ ,उत्तरी और दक्षिणी कर्नाटक तटीय कर्नाटक, रायलसीमा और केरल में तापमान के सामान्य से 0.5 डिग्री सेल्सियस से 1 डिग्री सेल्सियस रहने की संभावना है ।देश के बाकी भागों में लगभग सामान्य औसत तापमान रहने की संभावना है (सामान्य से -0.5 डिग्री सेल्सियस सेल्सियस और0. 5 सेल्सियस के बीच)

अप्रैल से जून 2020 के दौरान प्रमुख उष्ण लहर वाले क्षेत्रों में अधिकतम तापमान की संभावना लगभग 40% (चित्र 4)रहने की संभावना है। प्रमुख उष्ण लहर वाले क्षेत्रों में पंजाब ,हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड ,दिल्ली ,हरियाणा, राजस्थान ,उत्तर प्रदेश, गुजरात ,मध्य प्रदेश ,छत्तीसगढ़ ,बिहार ,झारखंड, पश्चिम बंगाल ,ओडिशा और तेलंगाना और मराठवाड़ा मध्य महाराष्ट्र और तटीय आंध्र प्रदेश के मौसम उपखंड आते हैं। इस ऋतु के दौरान प्रमुख उष्ण लहर वाले क्षेत्रों में उष्ण लहर की स्थितियों की बारंबारता के सामान्य से थोड़ा अधिक रहने के संकेत मिलते हैं ।

3.प्रशांत महासागर में ENSO स्थितियां

वर्तमान में, भूमध्यरेखीय प्रशांत महासागर में उष्ण एनसो (ENSO) - तटस्थ स्थितियां हैं और MMCFS के अद्यतन पूर्वानुमान से आने वाले मौसम में पूर्वानुमान की पूरी अवधि में एनसो (ENSO)- तटस्थ स्थितियों के बने रहने की संभावना है।

4.विस्तारित अवधि पूर्वानुमान सेवाएं

भारत मौसम विज्ञान विभाग प्रत्येक सप्ताह बृहस्पतिवार को देश के अधिकतम और न्यूनतम तापमानों का अद्यतन विस्तारित अवधि पूर्वानुमान (अगले चार सप्ताह के लिए 7 दिन का औसत पूर्वानुमान) भी उपलब्ध कराता है । यह बहु मॉडल एंसेम्बेल गतिकीय विस्तारित अवधि पूर्वानुमान प्रणाली पर आधारित है जो वर्तमान में भारत मौसम विज्ञान विभाग नई दिल्ली में प्रचालन में है । ये पूर्वानुमान भारत मौसम विज्ञान विभाग दिल्ली की वेबसाइट (www.mausam.imd.gov.in) पर उपलब्ध हैं ।



चित्र 1-अप्रैल से जून 2020 का उपखंड औसत अधिकतम तापमान विसंगति पूर्वानुमान



चित्र 2 -अप्रैल से जून 2020 का उपखंड औसत न्यूनतम तापमान विसंगति पूर्वानुमान



चित्र 3 -अप्रैल से जून 2020 का उपखंड औसत माध्य तापमान विसंगति पूर्वानुमान



चित्र 4 -अप्रैल से जून 2020 के दौरान प्रमुख क्षेत्रों के अधिकतम तापमान के जलवायविक संभाव्यता का वितरण ।साथ ही अप्रैल से जून 2020 के पूर्वानुमान संभाव्यता वितरण।